प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल का उद्देश्य इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें रेड नोटिस और अन्य इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। श्री शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारतपोल अंतर्राष्ट्रीय जांच को नए युग में ले जाएगा। उन्होंने कहा कि अब जांच एजेंसियां आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए इंटरपोल से जुड़ सकेंगी।

............................

इस अवसर पर गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किए। इन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक से सम्मानित किया गया है।

............................

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चादर पेश की जाएगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ये चादर ख्वाजा साहब की मजार पर चढायेंगे। वे बुलन्द दरवाजे से मुख्यमंत्री का संदेश भी पढ़ेंगे। इस बीच उर्स में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से जायरीन का जत्था अजमेर पहुंच गया है। इनकी ओर से भी चादर पेश की जायेगी। वहीं छठी के कुल की रस्म शुरू होते ही जायरीन के लिए जन्नती दरवाजा बंद कर दिया गया है। 10 जनवरी को बड़े कुल की रस्म अदा की जायेगी।

............................

प्रदेशभर में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। लोगों को कई माध्यमों से सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसी कडी में डूंगरपुर में आज परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से बाईक रैली निकाली गई। इस रैली को जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी रैली के माध्यम से शहरवासियो को सडक सुरक्षा का संदेश दिया गया।

............................

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पंजीकरण कराने के लिए आज जैसलमेर में शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से लोग योजना से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। शिविर में सौर संयत्र लगाने वाली कंपनियों और बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद है।

............................

बाडमेर जिले के धोरीमन्ना में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर लगाया गया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव मित्तल ने बताया कि इन शिविरों में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे है। ये शिविर रावतसर, बालेरा, सियाणी, मीठड़ाऊ सहित अन्य जगहों पर भी लगाये गये है।

............................

कोटा के अभेडा बायोलॉजिकल पार्क में आज एमू पक्षी के दो जोडे लाये जायेंगे। इन पक्षियों को जयपुर के नाहरगढ बायोलॉजिकल पार्क से वहां स्थानान्तरित किया जायेगा। इसके लिए वन विभाग का दल रवाना हो गया है। इसके अलावा जोधपुर के माचिया सफारी से चिंकारा लाने की तैयारी भी की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बायोलॉजिकल पार्क में नये वन्यजीव आने से पर्यटको की संख्या में इजाफा होने की संभावना है।

..............................

पाली जिले के रोहट में किसान अब ड्रॉन का इस्तेमाल कर फसलों पर कीट नाशकों का छिडकाव कर रहे है। इफ्को के क्षेत्रीय अधिकारी राहुल चौधरी ने बताया कि पहले दवा का छिडकाव करने में बहुत समय लगता था, लेकिन ड्रॉन से ये काम कुछ ही घंटों में हो जाता है। इस नई तकनीक से किसानों के समय और लागत दोनो की बचत हो रही है।

..............................

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे सर्दी का असर बढ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकडों के अनुसार 15 स्थानों पर रात का पारा 7 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सबसे कम 2 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान नागौर में रिकॉर्ड हुआ। सिरोही में 4 दशमलव 2, सीकर के फतेहपुर में 4 दशमलव 4, चित्तौडगढ में 5 दशमलव 9, दौसा में 6 दशमलव 4 और राजधानी जयपुर में 7 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आज सुबह विभिन्न स्थानों पर कोहरा छाया रहा। घने कोहरे और शीतलहर से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। वहीं कई जिलों में शीतलहर के मद्देनजर कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की छुट्टी कर दी गई है।

..............................